मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय,
स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली
दूरभाष 22527, 011–23344127

उत्तर रेलवे
Northern Railway

Divisional Railway Manager's Office
State Entry Road, New Delhi
Email: srdeersodli@gmail.com

सं.230–विद्युत/परि/ड्राईव/9–बी/21 दिनॉक: 12.10.2022

**सभी मुख्य लोको निरीक्षक,**
**समस्त वरि कयू नियंत्रक/लॉबी,**
**गाजियाबाद, तुगलकाबाद, पानीपत, दिल्ली, पलवल, आनन्दविहार**
**समस्त वरि खण्ड अभि/च.स्टा. आउटपिट/नई दिल्ली**
**समस्त वरि खण्ड अभि/ई.एम.यू./निजामुदीन**

<u>विशेष संरक्षा परिपत्र – आर एस ओ–12/2022</u>

**विषयः त्यौहारों के अवसर (Festival rush) पर स्टेशनों पर यात्रियों की अधिक भीड़ हेतु कार्य योजना।**
सन्दर्भः ADRM/Admn/Notes/2022 dated 29.07.2022.

आगामी त्यौहारों के अवसर पर (festival rush) में गाड़ियों में यात्रियों की संख्या में काफी वृद्धि हो जाती है। इस दौरान स्टेशनों पर कोई अप्रिय घटना न होने पाये, इस हेतु उपरोक्त पत्र के माध्यम से सभी लोको पायलटों, सहायक लोको पायलटों एवॅ लोको पायलट शंटिंग को गाड़ी प्लेटफार्म पर लगाते समय एवॅ प्लेटफार्म से निकालते समय अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किये गये हैं।

सभी लोको निरीक्षक लोको पायलटों, सहायक लोको पायलटों एवॅ लोको पायलट शंटिंग (शंटरों) को काउन्सिल करें कि इस दौरान प्लेटफार्म पर गाड़ी लगाते समय, स्टेशन से गाड़ी के प्रस्थान के समय, प्लेटफार्म पर पहुॅचते समय एवॅ प्लेटफार्म से यार्ड में जाते समय निम्नलिखित सावधानियॉ बरतें:–

- आउटपिट से लोको निर्धारित समय पर निकालें।
- लोको की कपलिंग गाड़ी के साथ उचित प्रकार से जोड़ें तथा संरक्षा पिन आदि लगी होने की तसल्ली करें।
- अत्यधिक सतर्कता बरतते हुए, प्लेटफार्म पर उपस्थित यात्रियों पर नजर रखें।
- होर्न का प्रयोग करते रहें।
- गाड़ी की गति कम रखें।
- निर्धारित स्थान पर गाड़ी को रोकें।
- प्रस्थान के समय गाड़ी की गति धीरे धीरे बढ़ायें।

उपरोक्त के अनुपालन की जांच हेतु कयू नियंत्रक/पंक्चुअलिटी एवं कयू नियंत्रक/आउटडोर प्रत्येक गाड़ी के प्रस्थान के समय सम्बन्धित प्लेटफार्म पर उपलब्ध रहें तथा कोई भी अनियमितता पाये जाने सम्बन्धित कयू को काउन्सिल करें। सभी वरि कयू नियंत्रक/कयू लॉबी, लोको पायलट नोटिस बुक के द्वारा समस्त रनिंग कर्मचारियों को उपरोक्त बिन्दुओं पर गहनता से काउन्सिल करें तथा सी.सी. ऑन डयूटी सुनिश्चित करें कि प्रत्येक बार साइन ऑन/साइन आफ करते समय, प्रत्येक रनिंग कर्मचारी उपरोक्त परिपत्र को पढ़ें एवॅ उसको एक्नालेज करें।

12/10/22

**वरि. मण्डल विद्युत अभि/परि**
**नई दिल्ली**

**प्रतिलिपि–**

1. अपर मण्डल रेल प्रबन्धक/परि. नई दिल्ली – सूचनार्थ
2. वरि मण्डल संरक्षा अधिकारी, नई दिल्ली – सूचनार्थ।
3. सहा मण्डल विद्युत अभियंता/आ.एस.ओ. प्रथम एवं द्वितीय, नई दिल्ली – आवश्यक कार्यवाही हेतु।